**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–13.05.2024 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम लोकसभा चुनाव में तकरीबन 64 फीसदी हुआ मतदान, 45 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद।**
2. **बाकी बचे चरणों के चुनाव को लेकर प्रचार तेज, भाजपा के स्टार प्रचारक सह प्रधानमंत्री की कल गिरिडीह के बिरनी में सभा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हजारीबाग में किया प्रचार।**
3. **गोड्डा से कॉंग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने किया नामांकन, अन्य उम्मीदवारों ने भी दाखिल किए पर्चे, सातवें चरण के चुनाव के लिए कल नामांकन का आखिरी दिन।**
4. **पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्यायपालिका से फिर झटका, विशेष अदालत ने जमानत देने से किया इनकार, मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव और उनके नौकर की बढ़ी रिमांड।**
5. **सीबीएसई बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में 87 दशमलव नौ आठ प्रतिशत विद्यार्थी सफल, दसवीं में 93 दशमलव छह शून्य फीसदी रहा रिज़ल्ट, बेटियों ने फिर मारी बाज़ी।**

*******************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में तकरीबन 63 फ़ीसदी वोटिंग हुई है। आज देश के 10 राज्यों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 96 संसदीय क्षेत्र में सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक आंध्र प्रदेश में 68 दशमलव 4 प्रतिशत मतदान हुआ है। तेलंगाना में 61 दशमलव 16 फीसदी वोटिंग हुई। उत्तर प्रदेश में 56 दशमलव 35 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। महाराष्ट्र में 52 दशमलव 49 फीसदी मतदान हुआ। मध्य प्रदेश में 68 दशमलव एक फीसदी मतदाताओं ने हिस्सा लिया। पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 75 दशमलव 66 फ़ीसदी वोटिंग हुई। बिहार ने एक बार फिर निराश किया और यहां 54 दशमलव 14 प्रतिशत मतदान हुआ। झारखंड ने वोटिंग के मामले में कुछ बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां के चार संसदीय क्षेत्रों सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू संसदीय क्षेत्र में 63 दशमलव 14 फ़ीसदी मतदान हुआ है। ओडिशा में 62 दशमलव 96 फीसदी वोटरों ने मताधिकार का उपयोग किया। केंद्र शासित जम्मू और कश्मीर में ओवरऑल 35 दशमलव 75 प्रतिशत मतदान हुआ।

*******************

चौथे चरण के चुनाव के सिलसिले में राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान आज आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा। आज सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक दिन भर वोटिंग हुई। इस दौरान संबंधित जिलों में लोकतंत्र का पर्व हर ओर देखने को मिला। वोटरों ने जमकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। खास और आम सभी ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लेकर जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व निभाया। प्रारंभिक आंकड़े के मुताबिक राज्य में तकरीबन 64 फीसदी मतदान की खबर है। अब से कुछ देर पहले रांची धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन सभागार मेंपत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया आज बेहद सुचारू तरीके से चली। राज्य में चौथे चरण में पाँच बजे तक के आकड़ों के मुताबिक 63 दशमलव एक चार फ़ीसदी के आसपास मतदान हुआ है। यह प्रारंभिक आंकड़े हैं, इसमें और वृद्धि हो सकती है।

*******************

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित खूंटी लोकसभा क्षेत्र में भी कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हो गया। खूंटी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्रों खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, कोलेबिरा और सिमडेगा में लोकतन्त्र के महापर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। समाज के सभी वर्ग के लोगों ने कतारबद्ध होकर मतदान में हिस्सा लिया। दिनभर के मतदान से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए आईये चलते हैं खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा और खूंटी जिले के संवाददाता के पास....

*******************

गुमला में लोकसभा चुनाव को लोगों ने आज लोकतंत्र महापर्व के रूप में मनाया और बढ़–चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई। कुछ दिनों पूर्व तक जिस इलाके में स्थानीय मुद्दों को लेकर वोट बहिष्कार करने की बाते कही जा रही थी उस इलाके में भी गुमला जिला प्रशासन के सार्थक प्रयास से आज मतदाता ट्रकों में भर भर कर मतदान करने पहुंचे। जिले के बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित अति नक्सल प्रभावित हाडुप गांव के बुथ नंबर 133, 134 तथा 135 में बम्पर वोटिंग हुई है।

*******************

इस बार के लोकसभा चुनाव में नक्सल प्रभावित इलाकों में भी मतदाताओं ने बेखौफ होकर मतदान किया। पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत घोर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र करमपदा में सुरक्षित माहौल में लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने जमकर वोटिंग की। घोर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र तिरिलपोसी जैसे क्षेत्रों में भी मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार प्रवास के क्रम में आज हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और सारण में चुनावी जनसभा को संबोधित किया और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा तथा एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में वोट मांगे। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पटना साहिब गुरुद्वारा में सेवा की और लंगर परोसा। श्री मोदी ने वाराणसी में आज रोड शो भी किया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राज्य के गिरिडीह जिले के बिरनी में एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी और कोडरमा की उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

*******************

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने भाजपा पर जनता से वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सत्ता में आने पर हालात बदलेंगे। श्री खरगे ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्ष एकजुट हुआ है। उन्होंने दावा किया कि शुरुआती चरणों के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशियों को जनता का अपार समर्थन मिला है। हजारीबाग बरही ब्लॉक मैदान में आयोजित इस जन सभा को इंडी गठबंधन के कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

*******************

रामगढ़ जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता——

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर संथाल के समर के लिए तीन सीटों दुमका, राजमहल और गोड्डा सीटों पर साप्ताहिक अवकाश के बाद आज से फिर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। कॉंग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने भी आज नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान इंडी गठबंधन के नेता भी उनके साथ मौजूद थे। भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे यहाँ से पहले ही नामांकन कर चुके हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार प्रत्याशी कल तक इन तीनों क्षेत्रों में नामजदगी का पर्चा दाखिल कर सकते हैं। आगामी 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार 17 मई तक नाम वापस ले सकेंगे। सातवें और आखिरी चरण के लोकसभा चुनाव के सिलसिले में दुमका राजमहल और गोड्डा संसदीय क्षेत्र में एक जून को मतदान होगा, जबकि 4 जून को देश के अन्य संसदीय क्षेत्र के साथ ही इन तीनों लोकसभा सीटों की भी मतगणना होगी।

*******************

धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र और धनसार थाना इलाके में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने दो अलग–अलग वाहनों से 11 लाख 60 हजार 200 रुपये नगद बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज यह कामयाबी मिली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भूमि घोटाला मामले में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची पीएमएलए की विशेष अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। विशेष अदालत ने जमानत अर्जी पर फैसला सुनाते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। इधर उच्चतम न्यायालय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा दायर याचिका पर भी आज सुनवाई हुई। इस मामले में शीर्ष अदालत ने ईडी से जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 मई को होगी। श्री सोरेन ने अपनी याचिका में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा ईडी की गिरफ्तारी को कानून सम्मत बताए जाने को चुनौती दी है।

*******************

राज्य के साहिबगंज और उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मल्टी मॉडल टर्मिनल को ऑपरेशनल करने की दिशा में पहल हुई है। इस क्रम में बन्दरगाह, जहाज़रानी और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव टी0 के0 रामचंद्रन ने संबंधित स्टेक होल्डर के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की और इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। साहिबगंज और वाराणसी में इनलैंड वॉटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से जल मार्ग विकास परियोजना पर काम किया जा रहा है।

*******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने आज 12 वीं बोर्ड के नतीजे जारी कर दिए। इस बार सत्तासी दशमलव नौ आठ प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। इनमें पचासी दशमलव एक दो प्रतिशत लड़के और इक्यान्बे दशमलव पांच दो प्रतिशत लड़कियां ने सफलता अर्जित की है। इस तरह लड़कों की तुलना में लड़कियों का रिजल्ट छह दशमलव चार प्रतिशत बेहतर रहा है। बोर्ड द्वारा इस बार टॉपर्स लिस्ट जारी नहीं की गई है। वहीं दसवीं में 93 दशमलव छह शून्य फीसदी रिज़ल्ट रहा।

*******************

राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। एक तरफ जहां राज्य के कुछ जिलों में तापमान में थोड़ी वृद्धि देखी जा रही है। वहीं कई क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात की भी स्थिति बनी हुई है। राज्य के कोल्हान और संथाल परगना प्रमंडल में आज बारिश और वज्रपात की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे तीन से 5 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। कल भी राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान है। आगामी

16 से 18 मई के बीच मौसम खुला रहेगा, लेकिन 19 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में बारिश का पूर्वानुमान है।

***********समाप्त***************